समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 10 September 2026

# कारीगरी से कारोबार तक : सूर्यकांत फर्नीचर की संघर्ष से सफलता की कहानी

Publisher Published on 21 Jan 2026



अक्सर यह माना जाता है कि किसी भी व्यवसाय का पहला उद्देश्य लाभ कमाना होता है। पूंजी निवेश के बदले अधिकतम मुनाफा प्राप्त करना हर उद्यमी की स्वाभाविक इच्छा है और इसमें कुछ भी गलत नहीं। लेकिन सच्ची उद्यमिता वहीं पूर्ण होती है, जहां व्यक्तिगत सफलता के साथ-साथ समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना भी जीवित रहती है। ऐसी ही सामाजिक प्रतिबद्धता का उदाहरण हैं **सूर्यकांत तागड** और उनका प्रतिष्ठित व्यवसाय '**सूर्यकांत फर्नीचर**'।

### सामाजिक सरोकारों से जुड़ा व्यवसाय

सूर्यकांत तागड न केवल एक सफल व्यवसायी हैं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले व्यक्तित्व भी हैं। उन्होंने विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए आयोजित परिचय सम्मेलनों के माध्यम से **800 से अधिक विवाह संपन्न कराने मे अहम भूमिका** निभाई है। इसके अलावा, गरीब बच्चों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना, जरूरतमंदों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करना जैसे अनेक सामाजिक कार्यों में उनका सक्रिय योगदान रहा है।

इन्हीं कार्यों के लिए उन्हें **महाराष्ट्र बिज़नेस आइकॉन अवॉर्ड** से सम्मानित किया गया है, जो उनके व्यावसायिक कौशल के साथ-साथ सामाजिक कार्यों की भी सराहना करता है।

### 1968 से शुरू हुआ विश्वास का सफर

तागड परिवार मूल रूप से अहमदनगर (वर्तमान अहिल्यानगर) का निवासी है। '**सूर्यकांत फर्नीचर**' शहर की सबसे पुरानी और भरोसेमंद फर्नीचर फर्मों में से एक है। इसकी स्थापना वर्ष **1968 मे बंबनराव तागड** ने की थी। प्रारंभ में उनके पास बढ़ईगीरी का कोई विशेष अनुभव नहीं था, लेकिन कड़ी मेहनत और सीखने की जिद ने उन्हें इस क्षेत्र में दक्ष बना दिया।

सर्जेपुरा क्षेत्र में किराए की एक छोटी सी जगह से शुरू हुआ यह व्यवसाय, गुणवत्ता और भरोसे के बल पर तेजी से लोकप्रिय हुआ। उस दौर में होटल आमर, होटल यशांजली, डॉ. चक्रवर्ती हॉस्पिटल सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों के लिए फर्नीचर कार्य उन्होंने

किया।

### पिता से पुत्र तक विरासत

लगभग 25 वर्षों तक व्यवसाय को सफलतापूर्वक संभालने के बाद, वर्ष 1994 में उनके पुत्र **सूर्यकांत तागड** इस व्यवसाय से जुड़े। उन्हें शुरुआत से ही छोटे-बड़े सभी कार्यों में लगाया गया, जिससे उनमें परिश्रम और जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई। बढ़ईगीरी का कौशल भी उन्होंने व्यावहारिक रूप से सीखा।

वर्ष 1993 में सावेडी क्षेत्र के तेजी से विकसित हो रहे पाइपलाइन रोड स्थित एकवीरा चौक पर सूर्यकांत फर्नीचर की भव्य शाखा शुरू की गई। वर्ष 2001 में बबनराव तागड ने व्यवसाय की पूरी जिम्मेदारी सूर्यकांत तागड को सौंप दी।

### आधुनिक फर्नीचर की ओर कदम

सूर्यकांत तागड ने पारंपरिक बढ़ईगीरी के साथ-साथ **टीकवुड (सागवान) मैन्युफैक्चरिंग** में रुचि दिखाई और इसमें विशेष दक्षता हासिल की। उनके द्वारा निर्मित फर्नीचर से **लार्सन एंड टुब्रो, क्रॉम्पटन** जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के बंगले और व्यावसायिक प्रतिष्ठान सुसज्जित किए गए।

सोफा सेट, डाइनिंग टेबल, दरवाजे, कुर्सियां, अलमारियां जैसे विविध फर्नीचर उत्पाद न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी भेजे गए।

### व्यवसाय के साथ समाज सेवा

व्यवसाय में स्थिरता आने के बाद सूर्यकांत तागड ने समाज सेवा को अपना दायित्व माना। उनका मानना है कि व्यवसाय से अर्जित धन समाज से ही आता है, इसलिए उसका कुछ हिस्सा समाज को लौटाना चाहिए। इसी सोच के तहत वे **पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी धनगर समाज सेवा संघ** से जुड़े और बीते 15 वर्षों से राज्यस्तरीय धनगर समाज विवाह परिचय सम्मेलन के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### फर्नीचर व्यवसाय : संघर्ष से सफलता तक

आज फर्नीचर उद्योग केवल लकड़ी और प्लाई तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह डिजाइन, गुणवत्ता, तकनीक और ग्राहक संतुष्टि का संगम बन चुका है। सीमित पूंजी, कड़ी प्रतिस्पर्धा और बाजार के उतार-चढ़ाव के बावजूद जो उद्यमी निरंतर सीखते रहते हैं और समय के साथ बदलाव अपनाते हैं, वही सफलता प्राप्त करते हैं।

### सम्मान और पहचान

**सूर्यकांत तागड** की इस शानदार उपलब्धि को "**Maharashtra Business Icon 2025 / Maharashtra Style Icon 2025 / Maharashtra Fashion Icon 2025**" जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए चुना गया है। यह सम्मान **Reseal.in** और **India Fashion Icon Magazine** द्वारा उन उभरते उद्यमियों और रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

### भव्य पुरस्कार समारोह

इस पुरस्कार समारोह में कई प्रसिद्ध फिल्मी हस्तियाँ शामिल होंगी:
? **वर्षा उसगांवकर** – बॉलीवुड अभिनेत्री
? **सोनाली कुलकर्णी** – भारतीय अभिनेत्री
? **प्रार्थना बेहेरे** – भारतीय अभिनेत्री

यह आयोजन **श्री सुधीर कुमार पठाडे**, *Founder & CEO, Sure Me Multipurpose Pvt. Ltd. (Reseal.in)* के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा, जो महाराष्ट्र के उद्यमियों और प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देने के लिए कार्यरत हैं।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.